>

Title: Need to construct an overbridge on National Highway 8 in Ajmer Parliamentary Constituency, Rajasthan-Laid.

श्री भागीरथ चौधरी (अजमेर): मेरे अजमेर क्षेत्र में स्थित राष्टीय राजमार्ग संख्या 8 के जयपुर-किशनगढ़ खण्ड पर स्थित बान्दरसिंदरी ग्राम गत 5-7 वर्षों से देश के शिक्षा जगत के नक्शे पर छाया हुआ है, वहां से 2 कि.मी. साईड में उत्तर की तरफ मूण्डोती रोड पर भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय के द्वारा राजस्थान का एकमात्र केन्द्रीय विश्वविद्यालय संचालित है, जिसमें देश-विदेश एवं राजस्थान राज्य के हजारों छात्र-छात्राओं द्वारा उच्च शिक्षा अध्ययन किया जा रहा है, लेकिन बान्दरसिंदरी स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग सख्या 8 पर हाईवे सड़क को पार कर एक-दूसरे छोर पर पैदल आना-जाना ग्रामीणों एवं छात्र-छात्राओं के लिए अत्यन्त खतरनाक होता जा रहा है । अतः भविष्य में यहाँ के तीव्र आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक विकास का ध्यान में रखते हुए यहां पर स्थित प्रमुख चौराहा पर सुलभ आवागमन हेतु एक नवीन ओवर ब्रिज की स्थापना की महती आवश्यकता है ।

बान्दरसिंदरी गांव हाईवे के दक्षिण की तरफ बसा हुआ है जहाँ की आबादी लगभग 9500 है एवं वहाँ स्थित पशुपालकों एवं ग्रामीणों के पास लगभग 2500 की संख्या में पशुधन भी उपलब्ध है वहीं ग्रामवासियों की कृषि योग्य भूमि हाईवे के उत्तर की ओर स्थित होने से उनका अपने कृषि कार्यों एवं पशुधन को लेकर आवागमन प्रतिदिन निरन्तर बना रहा है । साथ ही यहाँ के ग्रामीणों को हाइवे के दूसरी ओर स्थित मुण्डोती नलू, बुहारू आदि गाँवों में सामाजिक, पारिवारिक आदि कार्यों हेतु भी नियमित आना-जाना रहता है और इन गाँवों के बालक-बालिकाओं को 10वीं कक्षा पश्चात उच्च अध्ययन हेतु बान्दरसिंदरी स्थित उच्च

माध्यमिक विद्यालय में प्रतिदिन आना पड़ता है । वहीं केन्द्रीय विश्वविद्यालय में अध्ययन हेतु आने-जाने वाले छात्र-छात्राओं को भी अपनी जान जोखिम में डालकर प्रतिदिन इस चौराहे को पार कर जाना पड़ता है जिससे किशनगढ़-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित उक्त बान्दरसिंदरी चौराहे पर आए दिन हादसों की आशंका बनी रहती है जिसके चलते ग्रामीणों एवं विद्यार्थियों द्वारा उक्त हादसों के विरोध में रोष प्रकट करते हुए जाम लगा दिया जाता है ।

ज्ञात रहे कि यह राष्ट्रीय राजमार्ग वर्तमान में देश का सबसे व्यस्ततम सड़क मार्ग है जिस पर प्रतिदिन लाखों की संख्या में वाहनों का आवागमन बना रहता है ।

अतः सरकार से करबद्ध निवेदन है कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 8 के किशनगढ़-जयपुर खण्ड मार्ग पर स्थित बान्दरसिंदरी गाँव के मुख्य चौराहे पर आवागमन हेतु एक नवीन ओवर ब्रिज/आरीवाल पुलिया (छोटी साईज का 15 से 20 फीट ऊँचा ओवरब्रिज) का निर्माण कराने की आवश्यकता पर शीघ्र ही सक्षम विभागीय स्वीकृति राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अन्तर्गत आगामी वित्तीय वर्ष 2020-21 की विभागीय कार्य योजनाओं को श्रम करावें ।